खण्ड—६

संख्या—२४

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

---

## सरकारी प्रतिवेदन

---

( भाग—१—कार्यवाही-प्रश्नोत्तर )

सोमवार, तिथि ८ जुलाई, १९७४

विषय-सूची — पृष्ठ

प्रश्नों के मौखिक उत्तर :

अल्पसूचित प्रश्न संख्या : २०, ३२, ३३ एवं ३४ । .... १-१२

तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या : ११७, १९५ एवं १९७, ४१०, ४१८,
४१५, ४१६, ४१८, ४२१, ६९२, ७३४
एवं ७३५ । .... १३-७०

परिशिष्ट ( प्रश्नों के लिखित उत्तर ) .... ७०-१०२

दैनिक निबंध .... १०३-१०४

---

# तारांकित प्रश्नोत्तर

## छापामारी से बरामद चीजें।

११७। श्री चतुरानन मिश्र—क्या मन्त्री, आपूर्त्ति एवं वाणिज्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि पिछले छः महीने में बिहार राज्य के अन्दर गल्ले की काला बाजारी करनेवालों पर कहाँ-कहाँ छापे मारे गये, इस सन्दर्भ में कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये और उनसे कितने गल्ले या अन्य चीजें बरामद हुईं ?

## छापामारी से बरामद।

१९५। श्री अम्बिका प्रसाद—क्या मन्त्री, आपूर्त्ति एवं वाणिज्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ने मार्च, १९७४ से मई, १९७४ तक कितने जमाखोरों के गोदामों एवं बड़े भू-स्वामियों के घरों पर छापा मारा और उक्त छापामारी से कितनी चीजें बरामद हुईं ?

## जमाखोरों के विरुद्ध कार्रवाई।

एवं १९७। श्री रामस्वरूप सिंह—क्या मन्त्री, आपूर्त्ति एवं वाणिज्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि जनवरी, १९७३ से आजतक बिहार राज्य के अन्तर्गत किन-किन जमाखोरों के घरों, दूकानों, मिलों और गोदामों पर छापे मारे गये और कितना क्वींटल गेहूँ, चावल, चीनी, डालडा तथा अन्य आवश्यक सामग्रियाँ बरामद की गईं और जमाखोरी करनेवालों के खिलाफ कौन-से कानूनी कदम उठाए गए ?

श्री रामाश्रय प्रसाद सिंह—दिनांक ४-७-७४ को २० जिलों से प्राप्त सामग्री के आधार पर उत्तर की विवरणी तैयार कर माननीय सदस्यों के बीच वितरित की गई थी।

शेष ११ जिलों में से अबतक ९ जिलों से प्राप्त सामग्री के आधार पर उत्तर की विवरणी संलग्न है।

---

टिप्पणी—अ० मं० के आदेश से ता० प्र० स० ११७, १९५ एवं १९७ का उत्तर एक साथ दिया गया।